# सीखने की संप्राप्ति

आधारित

# प्रश्न कोश

पाँचवी कक्षा के लिए

# आमुख

## सीखने की संप्राप्ति आधारित प्रलेख

बच्चा विद्यालय में प्रवेश करने से पूर्व अपने निजी अनुभव, परिवेश व विचार से अपनी भाषा गढ़ता है। इस गढ़ी भाषायी पूँजी को विद्यालयीय स्तर पर उपयोग कर, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के अन्तर्गत भाषा के चारों कौशल अर्थात् श्रवण-वाचन-पठन-लेखन के माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली के तत्त्वाधान में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के  अन्तर्गत नि 2005र्धारित पुस्तकों पर आधारित उपलब्धि परीक्षण, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के सरलीकरण, शिक्षार्थी से वाञ्छित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सीखने की सम्प्राप्तियाँ कक्षावार निर्धारित की गई हैं। यह प्रलेख राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली (मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार) के विद्यालयीय शिक्षा के गुणात्मक सुधार की निरन्तरता में सीखने की सम्प्राप्ति आधारित एक प्रयास है।

प्रलेख सम्बन्धी विवरण :

१. यह प्रलेख कक्षा प्रथम से आठवीं के लिए निर्धारित हिन्दी पाठ्यक्रम से सम्बन्धित है।
२. यह प्रलेख कक्षा प्रथम से आठवीं के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यानगत कर, सीखने की सम्प्राप्तियों पर आधारित हैं।
३. इसे सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को सरल करने व छात्र केन्द्रित बनाने के उद्देश्य को दृष्टिगत कर सृजित किया गया है।
४. प्रत्येक अध्याय के प्रारम्भ में सम्बन्धित सीखने की सम्प्राप्तियाँ टंकित की गई हैं।
५. इस प्रलेख की विषय-वस्तु, सीखने की सम्प्राप्तियों हेतु सुझावात्मक प्रारुप है। अध्यापक अपने स्तर पर इस सातत्यता/निरन्तरता में निजी प्रयास हेतु स्वतन्त्र है।
६. इसकी संरचना तर्कसंगत और तथ्यपूर्ण है।
७. इस प्रलेख संरचना में स्व-स्व मतिभिन्न विषयक, व्याकरणिक त्रुटि सम्भव है तथा त्रुटिजन्य सुझाव जो सुधीजनों से अपेक्षित, इस प्रलेख को और भी परिमार्जित करने में सहायक सिद्ध होंगे।
८. इस प्रलेख के परिमार्जन में आपके मूल्यवान सुझाव व टिप्पणियाँ, इसके आगामी संस्करण की उत्कृष्टता व गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

## प्रलेख सृजन समिति

विषय : **हिन्दी (सीखने की सम्प्राप्ति आधारित प्रलेख)** कक्षा : **पहली से आठवीं**

**मुख्य समन्वयक :** **श्रीमती रंजना श्रीवास्तव**
प्राचार्या, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

**सृजन समिति :** **सुदेश वधावन**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 45, चण्डीगढ़

**गायत्री सांगवान**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रायपुर खुर्द, चण्डीगढ़

**अंजू ठाकुर**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 38 (वैस्ट), चण्डीगढ़

**बृज रानी**
शिक्षिका, राजकीय उच्च विद्यालय, कजहेड़ी, चण्डीगढ़

**दिनेश चन्द्र**
शिक्षक, राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर – 12, चण्डीगढ़

**जसविन्दर कौर**
शिक्षिका, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 22 ए, चण्डीगढ़

**गजराज सिंह**
शिक्षक, राजकीय उच्च विद्यालय, सैक्टर – 53, चण्डीगढ़

**राकेश दहिया**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 38 (वैस्ट), चण्डीगढ़

**राजकुमार**
शिक्षक, राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर – 12, चण्डीगढ़

**साधना**
शिक्षिका, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

**अजीत**
शिक्षक, राजकीय उच्च विद्यालय, कजहेड़ी, चण्डीगढ़

**पीयूष अग्रवाल**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 28, चण्डीगढ़

**सहयोग :** **श्री सत्यवान**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

## कक्षा -5
## हिन्दी


| क्रमांक | पाठ सूची | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सीखने की संप्राप्ति | 6 |
| 2. | राख़ की रस्सी | 10 |
| 3. | फ़सलों के त्योहार | 12 |
| 4. | खिलौने वाला | 14 |
| 5. | नन्हा फनकार | 16 |
| 6. | जहाँ चाह वहाँ राह | 18 |
| 7. | चिट्ठी का सफ़र | 20 |
| 8. | डाकिए की कहानी, कँवर सिंह की जुबानी | 21 |
| 9. | वे दिन भी क्या दिन थे | 22 |
| 10. | एक माँ की बेबसी | 24 |
| 11. | एक दिन की बादशाहत | 25 |
| 12. | चावल की रोटियाँ | 26 |
| 13. | गुरु और चेला | 27 |
| 14. | स्वामी की दादी | 28 |
| 15. | बाघ आया उस रात | 29 |
| 16. | बिशन की दिलेरी | 31 |
| 17. | पानी रे पानी | 32 |
| 18. | छोटी-सी हमारी नदी | 34 |
| 19. | चुनौती हिमालय की | 36 |
| 20. | उपलब्धि पत्रक | 38 |

## सीखने की संप्राप्ति

## कक्षा 5

H501. सुनी अथवा पढ़ी रचनाओं हास्य), साहसिक, सामाजिक आदि विषयों पर आधारित कहानी, कविता आदि (की विषयवस्तु घटनाओं-, चित्रों, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं /प्रश्न पूछते हैं, अपनी राय देते हैं अपनी बात के लिए तर्क देते हैंनिष्कर्ष निकलते हैं।/

H502. अपने आस- पास घटने वाली विभिन्न घटनाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हुए उन पर मौखिक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं।

H503. भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी (मौखिक)भाषा गढ़ते और उसका इस्तेमाल करते हैं।

H504. विविध प्रकार की सामग्री(अखबार, बाल साहित्य, पोस्टर आदि) में आए संवेदनशील बिंदुओं पर(मौखिक /लिखित) अभिव्यक्ति करते हैं, जैसे- 'ईदगाह' कहानी पढ़ने के बाद बच्चा कहता है- मैं भी अपनी दादी की खाना बनाने में मदद करता हूँ।

H505.विभिन्न स्थितियों और उद्देश्यों (बुलेटिन इन पर लगाई जाने वाली सूचना, कार्यक्रम की रिपोर्ट, जानकारी अभी प्राप्त करने के लिए) के लिए पढ़ते और लिखते हैं।

H506.अपनी पाठ्य पुस्तक से इतर सामग्री (अखबार,बाल पत्रिका, होर्डिंग आदि) को समझते हुए पढ़ते और उसके बारे में बताते हैं।

H507. सुनी अथवा पड़ी रचनाओ (हास्य, साहसिक, सामाजिक आदि विषयों पर आधारित कहानी, कविता आदि) की विषय वस्तु घटनाओं चित्रों और पात्रों शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं/प्रश्न पूछते हैं /अपनी स्वतंत्र टिप्पणी देते हैं /अपनी बात के लिए तर्क देते हैं /निष्कर्ष निकालते हैं।

H508. अपरिचित शब्दों के अर्थ शब्दकोश से खोजते हैं।

H509. स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत लेखन की प्रक्रिया बेहतर समझ के साथ अपने लेखन जाँचते हैं और लेखन के उद्देश्य और पाठक के अनुसार लेखन में बदलाव करते हैं जैसे किसी घटना की जानकारी के बारे में बताने के लिए स्कूल की भित्ति पत्रिका के लिए लिखना और किसी दोस्त को पत्र लिखना।

H510. भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गते हैं और अपने लेखन/ब्रेल में शामिल करते हैं

H511. भाषा की व्याकरणिक इकाइयों (जैसे- कारक चिन्ह, क्रिया, काल, विलोम आदि) की पहचान करते हैं और उनके प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं।

H512. विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में विराम चिन्हों जैसे पूर्णविराम अल्पविराम प्रश्नवाचक चिन्ह चरण सिंह का सचेत इस्तेमाल करते हैं।

H513. अनुसार अन्य विषयों, व्यवसाय, कलाओं आदि (जैसे- गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, नृत्यकला, चिकित्सा आदि) में प्रयुक्त होने वाले शब्दावली को समझते हैं और संदर्भ एवं स्थिति के अनुसार उनका लेखन में प्रयोग करते हैं।

H514. अपने आस-पास घटने वाली विभिन्न घटनाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हुए उन पर लिखित रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं

H515. उद्देश्य और संदर्भ के अनुसार शब्दों, वाक्यों, विराम चिह्नों का उचित प्रयोग करते हुए लिखते हैं।

H516. पाठ्य पुस्तक और उससे सामग्री में आए संवेदनशील बिंदुओं पर लिखित/ब्रेल लिपि से अभिव्यक्त करते हैं।

H517. अपनी कल्पना से कहानी, कविता, पत्र आदि लिखते हैं कविता, कहानी को आगे बढ़ाते हुए लिखते हैं।

**विषय- हिन्दी**

**कक्षा- पाँचवीं**

| मास | पाठयक्रम | सीखने की संप्राप्ति |
|---|---|---|
| अप्रैल | **पाठ -1**<br>राख़ की रस्सी<br><br>**पाठ-2**<br>फ़सलों के त्योहार | H501-03, H510, H511, H512, H513, H515<br><br>H501, H502, H511-14 |
| मई | **पाठ-3**<br>खिलौने वाला<br><br>**पाठ-4**<br>नन्हा फनकार | H501, H502, H509, H510, H513, H515<br><br>H501-03, H507, H514, H515 |
| जुलाई | **पाठ-5**<br>जहाँ चाह  वहाँ राह<br><br>**पाठ-6**<br>चिट्ठी का सफ़र | H501-03, H507, H508, H510, H513-15<br><br>H505, H506, H509, H513 |
| अगस्त | **पाठ-7**<br>डाकिए की कहानी, कँवरसिंह की ज़ुबानी<br><br>**पाठ-8**<br>वे दिन भी क्या दिन थे<br><br>**पाठ-9**<br>एक माँ की बेबसी | H501-03, H510-12<br><br>H501, H507, H510, H511, H512, H517<br><br>H501, H507, H510, H512, H514 |
| अक्तूबर | **पाठ-10**<br>एक दिन की बादशाहत<br><br>**पाठ-11**<br>चावल की रोटियाँ | H501-03, H510-12, H515-16<br><br>H51-4, H506, H511, H515 |
| नवम्बर | **पाठ-12**<br>गुरु और चेला<br><br>**पाठ-13**<br>स्वामी की दादी | H501-02, H507-11, H515<br><br>H501-02, H504, H511, H512, H514, H515 |

| | | |
|---|---|---|
| दिसम्बर | **पाठ-14**<br>बाघ आया उस रात<br><br>**पाठ-15**<br>बिशन की दिलेरी | H501-2, H504, H56, H508, H511, H514<br><br>H501, H505, H508, H511, H514, H515 |
| जनवरी | **पाठ-16**<br>पानी रे पानी<br><br>**पाठ-17**<br>छोटी-सी हमारी नदी | H501, H505, H508, H511, H514, H515<br><br>H501, H502, H510, H511, H514, H515 |
| फ़रवरी | **पाठ-18**<br>चुनौती हिमालय की | H501-03, H507, H508, H511, H515 |

## कक्षा 5

## 1. राख़ की रस्सी

**सीखने की संप्राप्ति: H501, H502, H503, H510, H511, H512, H513, H515**

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

लोनपो गार तिब्बत के बत्तीसवें राजा सौनगवसैन गांपो के मंत्री थे । वे अपनी चालाकी और हाज़िरजवाबी के लिए दूर-दूर तक मशहूर थे। कोई उनके सामने टिकता नहीं था। चैन से जिंदगी चल रही थी। मगर जब से उनका बेटा बड़ा हुआ था। उनके लिए चिंता का विषय बना हुआ था । कारण यह था कि वह बहुत भोला था । होशियारी उसे छूकर भी नहीं गई थी।

i) सौनगवसैन गांपो कौन थे?

क) तिब्बत के मंत्री ख) चीन के मंत्री ग) चीन के राजा घ) तिब्बत के राजा

ii) लोनपोगार की प्रसिद्धि का कारण था-

क) उनकी चालाकी ख) उन की हाज़िरजवाबी ग) उनकी चालाकी और हाज़िरजवाबी घ) इनमें से कोई नहीं

iii) मंत्री के चिंता का कारण क्या था?

क) उनके राजा ख) उनका बेटा ग) उनकी पत्नी घ) उपरोक्त सभी

iv) 'मशहूर' का सही अर्थ है-

क) हाज़िरजवाब ख) चालाक ग) होशियार घ) प्रसिद्ध

प्रश्न 2. उचित विराम चिन्ह लगाइए- उद्धरण चिन्ह, प्रश्नवाचक चिन्ह, पूर्ण विराम)

क्या बात है तुम इतने दुखी क्यों हो लोनपोंगार के बेटे ने अपना हाल कह सुनाया

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्दों को गोला लगाओ।

| | | |
|---|---|---|
| i) | तरिक | तरीका |
| ii) | राससी | रस्सी |
| iii) | धुमधाम | धूमधाम |

प्रश्न 4. खाली स्थान भरे-

i) राख की रस्सी शीर्षक .................... तिब्बत से संबंधित है। (लोककथा ,भेंटवार्ता)

ii) तिब्बत को संसार की .................... कहा जाता है । (हवेली ,छत)

iii) .................... को तिब्बतियों का दिन माना जाता है। (ल्हासा, रस्सी)

प्रश्न 5. समझो और लिखो।

i) दादा - दादी = दादा और दादी

ii) माता – पिता = ....................

iii) चाचा - चाची = ....................

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिन्ह छाँटिए-

कारक चिह्न

| | |
|---|---|
| i) लड़की ने नौं हाथ लंबी रस्सी ली। | i) .............. ने ................. |
| ii) वरना मैं तुम्हें घर में नहीं घुसने दूँगा। | ii) ................................. |
| iii) इसके बाद उन्होंने बेटे को रवाना किया। | iii) ................................. |
| iv) स्वास्थ्य के लिए व्यायाम अच्छा होता है। | iv) ................................. |

## कक्षा 5

## 2. फ़सलों के त्योहार

**सीखने की संप्राप्ति: H501, H502, H511-14**

प्रश्न 1. उचित जवाब के ऊपर सही (✓) का निशान लगाएँ-

i) उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश में मनाया जाने वाला फसलों का त्योहार बताइए।

क) बीहू ख) ओणम ग) मकर संक्रांति घ) इनमें से कोई नहीं

ii) तमिलनाडु में मनाया जाने वाला त्योहार कौन-सा है?

क) लोहड़ी ख) सरहुल ग) पतंग का पर्व घ) पोंगल

iii) झारखंड में....................बड़े जोशो-खरोश के साथ मनाया जाता है। ....................दिनों तक इसका जश्न चलता रहता है।

क) सरहुल, चार ख) बीहू, तीन ग) पोंगल, पाँच घ) ओणम, दस

iv) केरल में मनाया जाने वाला त्योहार-

क) पोंगल ख) ओणम ग) सरहुल घ) इनमें से कोई नहीं ।

प्रश्न 2. रेखांकित शब्दों के समानार्थी लिखिए-

यहाँ हम <u>सूरज</u> के <u>इंतजार</u> में आस लगाए बैठे हुए हैं। पूरे दस <u>दिन</u> हो गए सूरज लापता है। आज सुबह तो रजाई से निकलने की <u>हिम्मत</u> नहीं हो रही थी।

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के ऊपर उचित चंद्रबिंदु ( ँ ) लगाएँ-

क) हाक ख) माड ग) बाहे घ) गाव

प्रश्न 4. उचित मिलान करें-

| | |
|---|---|
| बोरसी → | वृक्ष |
| सुबह | → अंगीठी |
| पेड़ | प्रात: काल |
| हाँक लगाना | प्रयास |
| कोशिश | आवाज़ लगाना |

प्रश्न 5. अपने राज्य का नाम बताओ और इसमें फसलों से जुड़ा कौन-सा त्योहार मनाया जाता है? वर्णन करें।

प्रश्न 6. “स्कूल में हम जो खिचड़ी मनाते थे उसकी अलग ही मस्ती हुआ करती थी। छुट्टी का दिन, नाव में बैठकर गंगा नदी की सैर और फिर टापू पर बालू में दौड़ते हुए पतंग उड़ाना या उड़ाने की कोशिश करना। कितना मजा आता था।”

उक्त गद्यांश को पढ़कर अपने किसी अनुभव को व्यक्त कीजिए जिसमें आपको बहुत मजा आया हो।

प्रश्न 7. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द छाँटिए-

i) साड़ी पहने हुए दादी बैठी है।

ii) केले के कुछ पत्ते कतार में रखे हैं।

iii) सभी ने खिचड़ी खाई।

## कक्षा 5

## 3. खिलौने वाला

**सीखने की संप्राप्ति: H501, H502, H509, H510, H513, H515**

प्रश्न 1. पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

अम्मा तुमने तो लाकर के
मुझे दे दिए पैसे चार
कौन खिलौना लेता हूँ मैं
तुम भी मन में करो विचार।
तुम सोचोगी मैं ले लूँगा
तोता, बिल्ली, मोटर, रेल
पर माँ यह मैं कभी न लूँगा
ये तो है बच्चों के खेल।

i) अम्मा ने बच्चे को कितने पैसे दिए?

ii) बच्चे ने अम्मा को क्या विचार करने को कहा?

iii) बच्चे ने तोता, बिल्ली, मोटर व रेल लेने के लिए मना क्यों किया?

iv) 'तुम भी मन में करो विचार।' इस वाक्य में सर्वनाम शब्द छाँटिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में पुनरुक्त शब्द छाँटिए-

i) कई तरह के सुंदर-सुंदर
नए खिलौने लाया है।


ii) चाभी भर देने से भक-भक
करके चलने वाली रेल।

iii) नए खिलौने ले लो भैया,
जोर-जोर वह रहा पुकार।

iv) यों ही कुछ दिन करते-करते
रामचंद्र बन जाऊँगा।

प्रश्न 3. आप अपने दोस्तों के साथ कौन-कौन से खेल खेलना पसंद करते हैं?

प्रश्न 4. समझो और लिखो-



प्रश्न 5. रिक्त स्थानों में विशेषण शब्द भरो-

| |
|---|
| सुंदर, पुरानी-धुरानी, मनचाही, नए |

i) सिर पर एक .................... टोपी है।
ii) वाह! कितने ....................खिलौने हैं।
iii) वह ....................खिलौने लाया है।
iv) कौन प्यार से बिठा गोद में.................... चीजें देगा।

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो

i) साड़ी - ....................................................................
ii) खिलौना - ....................................................................
iii) विचार - ....................................................................
iv) जंगल - ....................................................................

प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कौन-सा पात्र रामायण से संबंधित नहीं है?

क) राम ख) बलराम ग) कौशल्या घ) ताड़का

**कक्षा 5**

**4. नन्हा फनकार**

**सीखने की संप्राप्ति: H501-03, H507, H514, H515**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों पर सही का निशान लगाएँ-

i) केशव की उम्र क्या थी?

क) 10 साल ख) 12 साल ग) 15 साल घ) 8 साल

ii) केशव पत्थर पर क्या बना रहा था?

क) घंटियाँ ख) कड़ियाँ ग) घंटियाँ और कड़ियाँ घ) इनमें से कोई नहीं

iii) "हुजूर! माफ़ करें। मुझे आपके आने का पता भी नहीं चला।" यह शब्द किसने कहे-

क) केशव ने ख) पहरेदार ने ग) अकबर ने घ) इन सभी ने

प्रश्न 2. केशव के माता-पिता गुजरात से आगरा आकर बस गए थे। इस पलायन के पीछे क्या कारण था? गाँवों से शहरों की तरफ पलायन के अन्य कारण क्या हो सकते हैं?

प्रश्न 3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

जवाब में केशव भी मुस्कुरा उठा। वह लगभग भूल ही गया था कि उसकी बगल में बैठा यह व्यक्ति हिंदुस्तान का बादशाह है। एक अनाड़ी से व्यस्क पर अपने काम की धाक जमाने में उसे मज़ा आ रहा था। वह बड़े ध्यान से देख रहा था कि अकबर किस तरह लकीरों को उकेर रहे हैं। बादशाह से ज़रा-सी भी चूक हो जाने पर फौरन उसकी त्यौरियाँ चढ़ जातीं।

i) यहाँ 'हिंदुस्तान के बादशाह' किसे कहा गया था?

क) अकबर ख) बाबर ग) हुमायूँ घ) जहाँगीर

ii) किसे धाक जमाने में मजा आ रहा था?

क) अकबर को ख) बाबर को ग) केशव को घ) इनमें से कोई नहीं

iii) किस बात से केशव की त्यौरियाँ चढ़ जाती थीं?

क) बादशाह की चूक से ख) पहरेदार की चूक से

ग) अपने माता-पिता की चूक से घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में वर्तमान, भूत और भविष्य काल बताइए-

i) तुम्हारा नाम क्या है?

ii) उसे कुछ-कुछ समझ आ रहा था।

iii) किरचें उड़कर आँखों में चली जाएँगी।

iv) केशव का जन्म भी आगरे में ही हुआ था।

प्रश्न 5. रिक्त स्थान भरो-

| देर, छेनी, दखलंदाजी, धक-धक |
|---|

i) अकबर को पहरेदार की ............................ भली नहीं लगी।

ii) बदहवासी में ............................ हाथ से छूटकर नीचे गिरी।

iii) कुछ ............................ के लिए हमें अकेला छोड़ दो।

iv) दिल तो उसका अभी भी ............................ कर रहा था।

प्रश्न 6. उचित मिलान करो-

| | |
|---|---|
| i) पत्थर पर नक्काशी करने वाला | चित्रकार |
| ii) कपड़ा बुनने वाला | बढ़ई |
| iii) चित्र बनाने वाला | शिल्पकार |
| iv) लकड़ी का काम करने वाला | बुनकर |

प्रश्न 7. बादशाह अकबर को ख्वाजा सलीम चिश्ती ने बताया कि उनके एक नहीं, तीन-तीन संतानें होंगी। अकबर की तीनों संतानों के नाम क्या थे?

i) औरंगजेब, बाबर, जहाँगीर

ii) जहाँगीर, मुराद, दारा

iii) दारा, शुजा, मुराद

iv) सलीम, मुराद, दनियाल

**कक्षा 5**

## 5. जहाँ चाह वहाँ राह

**सीखने की संप्राप्ति: H501-03, H507, H508, H510, H513-15**

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर क्रमानुसार लगाइए-

i) छब्बीस साल की इला गुजरात के सूरत जिले में रहती है।
ii) उसने दसवीं कक्षा तक पढ़ाई की। वह दसवीं की परीक्षा पास नहीं कर पाई।
iii) उसने वह सब अपने पैरों से करना सीखा जो हम हाथों से करते हैं।
iv) पंद्रह-सोलह साल की होते-होते इला काठियावाड़ी कशीदाकारी में माहिर हो चुकी थी।
v) उसकी माँ और दादी कशीदाकारी करती थीं।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए-

i) बचपन -
ii) जल्दी -
iii) फुर्ती -
iv) अमृत -

प्रश्न 3. निम्नलिखित कार्यों में से कौन-कौन से कार्य इला ने करने सीखे? छाँटिए।

| |
|---|
| फ़र्श बुहारना, कपड़े धोना, नृत्य करना, तरकारी काटना, घुड़सवारी करना, कशीदाकारी करना |

प्रश्न 4 दिव्यांगों को परीक्षा के लिए दी जाने वाली किन्हीं दो सुविधाओं को लिखें।

प्रश्न 5 इला जैसे बच्चों के प्रति आपके मन में उठ रहे भावों को चिट्ठी लिखकर अपने दोस्त को बताइए।

प्रश्न 6 छाँटकर सही स्थान पर लिखें।

| |
|---|
| झूला डाल कर पेंगे लेने,<br>होंठो पर मुस्कान,<br>नीम की निंबौरी लगना,<br>आँखों में चमक। |

| सावन के संकेत | सफलता की खुशी के भाव |
|---|---|
| | |
| | |

प्रश्न 7



## फुटबॉल मैच



मैच देखने के लिए आप आमंत्रित हैं।

टीम : विंध्याचल सदन टीम बनाम अरावली सदन टीम

समय : प्रात: 9:30 से 11:00 बजे तक

स्थान : राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर-36, चंडीगढ़

उक्त सूचना के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

i) फुटबॉल मैच कितने समय के लिए खेला जाएगा?

ii) मैच किन टीमों के बीच है?

iii) मैच खेलने का स्थान कौन-सा है

iv) मैच शुरू होने का समय क्या है?

**कक्षा 5**

## 6. चिट्ठी का सफ़र

**सीखने की संप्राप्ति: H505, H506, H509, H513**

प्रश्न 1. रिक्त स्थान भरो-

(1972, बड़ी, 1000, छोटी, 6)

i) पते में सबसे ...................... भौगोलिक इकाई से शुरू करके ...................... की ओर बढ़ते हैं।

ii) पिन कोड ...................... अंक का होता है।


iii) स्वस्थ कबूतर एक दिन में ...................... किलोमीटर तक का सफ़र तय कर सकता है।

iv) पिन कोड की शुरुआत 15 अगस्त, ...................... को हुई।

प्रश्न 2. आज के समय हम किस-किस माध्यम से संदेश भेज सकते हैं?

प्रश्न 3. अपने मित्र को संदेश भेजने के लिए पोस्टकार्ड पर नीचे दिए गए शब्दों की सहायता से पता लिखें।

चंडीगढ़, मकान नंबर- पिन कोड- सेक्टर-




प्रश्न 4. शब्दों को उनके अर्थ से मिलाओ-

| | |
|---|---|
| i) मनीआर्डर | पोस्टल इंडेक्स नंबर |
| ii) संदेशवाहक | लगातार |
| iii) निरंतर | धनादेश |
| iv) पिन | संदेश ले जाने वाला |

प्रश्न 5. पत्र में पिन कोड किस प्रकार से डाकिए के लिए सहायक है?

**कक्षा 5**

## 7. डाकिए की कहानी, कँवर सिंह की जुबानी

**सीखने की संप्राप्ति: H501-03, H510-12**

प्रश्नों के उत्तर दें-

प्रश्न .1 कँवर सिंह कहाँ का रहने वाला था?

प्रश्न 2. बूढ़े दादा और बूढ़ी नानी खुश कब होते हैं?

प्रश्न 3. विराम चिन्हों का प्रयोग करें-

मुझे मुझे बहुत कुछ करना होता है चिट्टियाँ  रजिस्ट्री पत्र पार्सल बिल बूढ़े लोगों की पेंशन आदि छोड़ने गाँव-गाँव जाता हूँ

प्रश्न 4. डाक-विभाग से जुड़े शब्दों पर गोला लगाएँ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अध्यापक | डाकघर | कंडक्टर | मनीआर्डर | |
| डाक सेवक | अस्पताल | डाकिया | सिपाही | पैकर |

प्रश्न 5. लिंग बदलो-

| | | | |
|---|---|---|---|
| बच्चा | ...................... | औरत | ..................... |
| बूढ़ा | ....................... | माँ | ..................... |

प्रश्न 6. सही कथन पर (✓) का निशान लगाएँ।

i) हिमाचल में बूढ़े लोगों को पेंशन हर 6 महीनों बाद इकट्ठी दी जाती है। ☐

ii) पैकर के बाद डाकिया बन सकते हैं। ☐

iii) हिमाचल का सबसे ऊँचा गाँव किब्बर नहीं है। ☐

iv) कँवर सिंह की उम्र 35 साल है। ☐

प्रश्न 7. जन्मदिन के अवसर पर मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखो।

## कक्षा 5

## 8. वे दिन भी क्या दिन थे

**सीखने की संप्राप्ति: H501, H507, H510, H511, H512, H517**

प्रश्न 1. पंक्तियाँ पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-

"क्या कहा? कहीं कोई स्त्री या पुरुष इतने सारे विषय हमें सिखा सकता है?" "क्यों नहीं? वह बच्चों को सारे विषय समझाते थे, गृहकार्य देते थे और प्रश्न पूछते थे। अध्यापक बच्चों के घर नहीं जाते थे बल्कि बच्चे एक विशेष भवन में जाते थे जिसे स्कूल कहते थे।"

i) अध्यापक कहाँ नहीं जाते थे?

क) बच्चों के घर ☐ ख) स्कूल ☐ ग) पार्क में ☐

ii) स्कूल किसे कहते थे?

क) घर को ☐ ख) पार्क को ☐ ग) विशेष भवन को ☐

iii) सही विलोम शब्द पर निशान लगाएँ-

क) प्रश्न – सवाल ☐ ख) पूर्व – पश्चिम ☐ ग) रात – सुबह ☐

iv) उपर्युक्त पंक्तियों में किसके महत्त्व को बताया गया है?

क) घर के ☐ ख) पार्क के ☐ ग) अध्यापक के ☐

प्रश्न 2. मशीन के बने अध्यापक किसे कहा है? यह मशीन छात्रों की पढ़ाई में किस प्रकार मदद करती है?

प्रश्न 3. संज्ञा शब्दों पर गोला लगाएँ और विशेषण को रेखांकित करें-

i) बच्चे एक विशेष भवन में जाते थे।
ii) हमारे अध्यापक अच्छा पढ़ाते हैं।
iii) मेरे पास सुंदर कपड़े हैं।
iv) कुम्मी के मन में कुछ उत्सुकता जगी।

प्रश्न 4. सोचो और लिखो-

आज से लगभग 60-70 वर्ष पहले

i) पढ़ाई कैसे होती होगी?
ii) एक स्थान से दूसरे स्थान पर कैसे जाते होंगे?
iii) खाना कैसे पकाते होंगे?
iv) रहने के लिए घर व पीने के लिए पानी की व्यवस्था कैसी होगी?

प्रश्न 5. शब्दों को सही क्रम में रखकर वाक्य बनाओ।

i) बातें / रहा था / रोहित / मुस्कराते हुए / उसकी / सुन

ii) मन में / कुम्मी के / कुछ / जगी / उत्सुकता

iii) बच्चे / एक / आयु के / बैठते थे / एक साथ

iv) उसने / अलग / दिए थे / कर / पुर्ज़े- पुर्ज़े / मशीन के

**कक्षा 5**

## 9. एक माँ की बेबसी

**सीखने की संप्राप्ति: H501, H507, H510, H512, H514**

प्रश्न 1. सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाएँ-

i) टूटे खिलौने की तरह किसे कहा है?

क) माँ को    ख) रतन को    ग) हम बच्चों को

ii) रतन क्या नहीं कर सकता था?

क) सुन    ख) चल    ग) बोल

iii) रतन की माँ की आंखों में क्या झलकती थी?

क) बेबसी    ख) खुशी    ग) नाराज़गी

प्रश्न 2. समानार्थी शब्द लिखें-

माँ -    आँख -

भिन्न -    बेबसी -

प्रश्न 3. उपसर्ग और मूल शब्द अलग करो-

| | | | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|---|---|
| i) | आहार | - | आ | हार |
| ii) | बेबस | - | ............. | ............. |
| iii) | अदृश्य | - | ............. | ............. |

प्रश्न 4. शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें-

i) पड़ोस - ..........................................................................................
ii) अजूबा - ..........................................................................................
iii) भयभीत - ..........................................................................................
iv) धीरे-धीरे - ..........................................................................................

प्रश्न 5. नीचे कुछ संज्ञा शब्द हैं। उनके आगे विशेषण लगाओ-

i) .............................. पड़ोस
ii) .............................. आँखें
iii) .............................. खिलौना
iv) .............................. माँ

## 10. एक दिन की बादशाहत

**सीखने की संप्राप्ति: H501-03, H510-12, H515-16**

प्रश्न 1. आरिफ़ और सलीम ने दिनभर अपने परिवार के सदस्यों की नकल उतारी। उन्होनें दादी की नकल उतारते हुए क्या कहा?

प्रश्न 2. "अच्छा-अच्छा, बहुत दे चुके हुक्म ..." आपा चिढ़ गई। "हमारे कॉलेज में आज फंक्शन है", उन्होंने साड़ी की शिकने दुरुस्त की।

पंक्तियाँ को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें-

i) पंक्तियों में आए अंग्रेजी के शब्द छाँटकर लिखो।
ii) शब्दों के समानार्थी शब्द लिखें-
   क) हुक्म   ख) दुरस्त
iii) "अच्छा-अच्छा, बहुत दे चुके हुक्म ..." यह शब्द किसने, किससे कहे?

प्रश्न 3. उपसर्ग- जो शब्दांश किसी सार्थक शब्द के आगे लगकर उसके अर्थ में परिवर्तन या विशेषता ला देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं?

| **शब्द** | | **उपसर्ग** |
|---|---|---|
| बेगम | - | बे |
| अनुसार | - | .......................... |
| बेकार | - | .......................... |
| अधिकार | - | .......................... |
| लापरवाह | - | .......................... |

प्रश्न 4 निम्न मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करो-

i) तू-तू मैं-मैं करना - ..................................................................................................
ii) आँखें निकालना - ..................................................................................................
iii) खून की घूँट पीना - ..................................................................................................

प्रश्न 5 अगर कक्षा में आपको एक दिन की बादशाहत मिल जाए तो आप क्या-क्या करना पसंद करोगे?

## कक्षा 5

## 11. चावल की रोटियाँ

**सीखने की संप्राप्ति: H51-4, H506, H511, H515**

प्रश्न .1 सही (✓) का निशान लगाओ-

i) "चावल की रोटियाँ" पाठ में आए पात्र कोको, नीनी, मिमि किस देश के रहने वाले थे?

क) भारत ख) बर्मा ग) नेपाल

ii) कोको के माता पिता खेत में क्या करने गए थे?

क) धान लगाने ख)गेहूँ लगाने ग) चावल लगाने

iii) केले के पापड़ कौन लेकर आया?

क) कोको ख) मिमि ग) तिन सू

iv) रेडियो पर किसके बारे में खास सूचना आने वाली थी?

क) परीक्षा ख) मैच ग) स्कूल

प्रश्न 2. वाक्य में प्रयोग करें-

i) भुक्खड़ - ...............................................................................

ii) इर्द-गिर्द - ...............................................................................

iii) बदकिस्मत - ...............................................................................

iv) गुड़गुड़ - ...............................................................................

v) फूलदान - ...............................................................................

प्रश्न 3. कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरें-

में, की, का, से, ने, पर

i) यह चूहे <u>**की**</u> आवाज़ है।

ii) किसी ............. पेट भूख ............. कुलबुला रहा है।

iii) तुम्हारी माँ ............. नीला फूलदान माँगा था।

iv) किसी, चाय ............. दुकान ............. रुक कर लूँगा।

v) मिनी एक कप ............. चाय डालती है।

प्रश्न 4. पाठ में 'चावल की रोटियों' का ज़िक्र है। ऐसे अन्य पकवानों व रोटियों के नाम लिखें जो अन्य अनाजों से बनते हैं-

| अनाज का नाम | पकवान / रोटियाँ |
|---|---|
| गेहूँ | रोटी |
| | |
| | |
| | |

## कक्षा 5

## 12. गुरु और चेला

**सीखने की संप्राप्ति: H501-02, H507-11, H515**

प्रश्न 1. वाक्य में प्रयोग करें

i) धेला - उसके पास एक धेला भी न था।

ii) नगरी - ..............................................................................................

iii) मुसीबत - ..............................................................................................

iv) बादल - ..............................................................................................

प्रश्न 2. एक शब्द में उत्तर दें-

i) अंधेर नगरी में सड़कें कैसी थी?

ii) गुरु और चेला में से कौन मूर्ख था?

iii) चेला क्या देखने गया?

iv) मंत्री की गर्दन कैसी थी?

प्रश्न 3. संज्ञा शब्दों पर गोला लगाओ-

गुरु एक थे और था एक चेला,
चले घूमने पास में था न धेला।
चले चलते-चलते मिली एक नगरी,
चमाचम थी सड़कें चमाचम की डगरी॥

प्रश्न 4. मिलान करो-

| | |
|---|---|
| अंधेर | गर्दन |
| राजा | चेला |
| चालाक | अनबूझ |
| मोटी | नगरी |

प्रश्न 5. विलोम शब्द लिखो-

चालाक -
गुरु -
मोटा -
गीला -

## कक्षा 5

## 13. स्वामी की दादी

**सीखने की संप्राप्ति: H501-02, H504, H511, H512, H514, H515**

प्रश्न .1 शब्दों के अर्थ छाँटकर लिखो-

खुश, विश्वास, बेचैन, कमरा, प्रतीक्षा

i) अधीर - ........................
ii) यकीन - ........................
iii) प्रसन्न - ........................
iv) कोठरी - ........................
v) इंतजार - ........................

प्रश्न 2. दादा को कौन-सी कक्षा पास करने पर मैडल मिला था?

प्रश्न 3. हरिश्चंद्र ने वचन का पालन करने के लिए किस-किस को खो दिया था?

प्रश्न 4. शब्दों के साथ विशेषण लगाओ-

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) खूंखार | लड़का | - | ........................ |
| ii) प्यारा | दादी | - | ........................ |
| iii) रुखा | सब मजिस्ट्रेट | - | ........................ |
| iv) रौबदार | स्वर → | - | रुखास्वर |
| v) बुड्ढी | डाकू | - | ........................ |

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलो-

i) दादा - ........................
ii) बच्चा - ........................
iii) बुआ - ........................
iv) पत्नी - ........................

प्रश्न 6. विराम चिन्हों का प्रयोग करें-

i) दादी जब राजम छोटा सा लड़का था तो उसने शेर मारा था
ii) सच बड़ा बहादुर लड़का है

प्रश्न 7. आप पुलिस ऑफिसर बनकर क्या-क्या कार्य करेंगे?

## कक्षा 5

## 14. बाघ आया उस रात

**सीखने की संप्राप्ति: H501-2, H504, H56, H508, H511, H514**

प्रश्न .1 वचन बदलें-

i) आँख - आँखें | iv) बच्चा - ........................

ii) झरना - ........................ | vi) रात - ........................

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो-

(समय, चौकीदारी करना, सोना, बेटा, सचेत करना, शेर)

i) बाघ - ........................ | iv) सोता - ........................

ii) वक्त - ........................ | v) बेटू - ........................

iii) पहरा - ........................ | vi) आगाह - ........................

प्रश्न 3. निम्न प्रश्नों के उत्तर दें-

i) घाघस किसे कहा जाता है?

क) हाथी को ख) शेर को ग) बिल्ली को

ii) घाघस को दिल्ली के चिड़ियाघर में कब लाया गया?

क) अक्टूबर 2004 ख) जुलाई 2002 ग) जनवरी 2018

iii) दिल्ली के चिड़ियाघर के निर्देशक का नाम बताओ।

क) राहुल सिंह ख) गायत्री देव ग) डी एन सिंह

iv) घाघस के बीमार होने पर उसे माँस के स्थान पर क्या खाने को दिया?

क) पनीर ख) घास ग) मटन और चिकन

v) सिंह भारत में सिर्फ गुजरात के कौन-कौन से जंगलों में पाए जाते हैं?

क) गिर जंगलों में ख) सतपुड़ा के जंगलों में ग) अरुणाचल के जंगलों में

vi) घाघस की हालत में सुधार कौन-से इलाज से आया?

क) होम्योपैथी इलाज से ख) डॉक्टरों की दवाइयों से ग) घरेलू नुस्खों से

प्रश्न 4. एक कोलाज बनाओ और उसमें चिड़िया घर में रहने वाले जानवरों के फोटो अखबार या मैगज़ीन में से ढूँढ कर लाओ व चिपकाओ।

प्रश्न 5. काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।

“बाघ उधर ही तो रहता है
बाबा, उसके दो बच्चे हैं
बाघिन सारा दिन पहरा देती है
बाघ या तो सोता है
या बच्चों से खेलता है...”

i) बाघ के कितने बच्चे हैं?
ii) बाघिन सारा दिन क्या करती है?
iii) बच्चों के साथ कौन खेलता है?

**कक्षा 5**

## 15. बिशन की दिलेरी

**सीखने की संप्राप्ति: H501, H505, H508, H511, H514, H515**

प्रश्न .1 वाक्य में प्रयोग करें-

i) प्रेशर कुकर - ..............................................................................................

ii) फार्म हाउस - ..............................................................................................

iii) अल्सेशियन - ..............................................................................................

iv) लाइसेंस - ..............................................................................................

v) सिटी - ..............................................................................................

vi) स्वेटर - ..............................................................................................

प्रश्न 2. प्रश्नों के उत्तर दें और सही (✓) का निशान लगाएँ-

i) कर्नल दत्ता ने किसको दवाई छिड़कने वाली मशीन लाने के लिए कहा? ( गुलाबचंद / फूलचंद )

ii) गेंदे के पत्तों का रस दिन में दो-तीन बार पिलाने की बात बिशन को किसने कही? ( कर्नल दत्ता / कर्नल महत्ता )

iii) सरपंच का नाम क्या था? ( उधम सिंह / माधो सिंह )

iv) एक कटोरी दलिया खिलाने की बात बिशन को किसने कही? ( कर्नल दत्ता/ बहू जी)

प्रश्न 3. मिलान करो-

| | |
|---|---|
| झुंड | समझदार |
| रक्षा | दु:ख |
| धुई | समूह |
| घाव | बचाव |
| शोक | दूध पीने वाले जानवरों के बच्चे |
| सयाना | जख्म |

प्रश्न 5. उड़ीसा राज्य के सिम्प्लीपाल टाइगर रिजर्व में पच्चीस हाथियों का झुंड रहता था। इस झुंड में कुछ धुई भी थीं। जिन हथिनियों के साथ दूधमुँहे बच्चे हों उन्हें धुई कहते हैं। दाँव लगे तो हाथी के छोटे बच्चों को शेर मार लेता है। झुंड के बड़े दतैल और बड़ी हथिनियाँ बच्चों की रक्षा करती हैं।

प्रश्नों के उत्तर दें-

i) झुंड में कितने हाथी थे?

क) पच्चीस ख) दस ग) पाँच

ii) कौन हाथी के छोटे बच्चे को मार देता है?

क) जिराफ़ ख) भैंस ग) शेर

**कक्षा 5**

## 16. पानी रे पानी

**सीखने की संप्राप्ति: H501, H505, H508, H511, H514, H515**

प्रश्न 1. पानी की बचत के लिए क्या क्या उपाय करने चाहिए?

प्रश्न 2. पीने का जल हमारी पृथ्वी पर बहुत कम मात्रा में है। पानी की बचत के लिए पोस्टर बनाओ।



प्रश्न 3. गर्मी के मौसम में कौन-कौन से शहरों और राज्यों में पानी की भारी कमी हो जाती है? उनके नाम लिखो।

प्रश्न 4. यदि लगातार कई दिनों तक आपके घर में पानी न आए तो आपको किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा?

प्रश्न 5. हमारा भूजल भंडार समृद्ध कैसे होता है?

प्रश्न 6. सही (✓) का निशान लगाएँ-

i) एक रुपया, दो रुपया, पाँच रुपया, कभी सिक्के, कभी छोटे-बड़े नोट, किसमें जमा करते हैं।
(क) स्कूल बैग (ख) गुल्लक (ग) मटका

ii) धरती की गुल्लक में पानी भरने का काम करते हैं।
(क) तालाब, झील (ख) पर्वत (ग) इनमें से कोई नहीं

iii) जमीन के लालच में हमने अपने .................................. समतल बना दिया।
क) पानी भरकर ख) सिनेमा देखकर ग) तालाबों को कचरे से पाटकर

iv) पानी का बेहद कम हो जाना और पानी का बेहद ज्यादा हो जाना, .................................. एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।
क) अकाल और बाढ़ ख) भूकंप ग) ज्वालामुखी

v) नदी कैसे आकार की घाटी बनाती हैं?
क) गहरी (v आकार की घाटी)
ख) s आकार की घाटी
ग) पथरीले आकार की घाटी

vi) जहां से नदी की शुरुआत होती है उसे कहते हैं
क) सैलानी ख) उद्गम ग) सहायक

प्रश्न 7. मिलान करें-

| | | |
|---|---|---|
| i) वह स्थान जहाँ नदी समुद्र में गिरती है | - | केरल |
| ii) नदी के घुमावदार रास्ते | - | जलप्रपात |
| iii) नदी का ऊँचाई से गिरना | - | नदी का मुहाना |
| iv) नदी का तेज बहाव बनाता है | - | विसर्प |
| v) बाढ़ ग्रसित 2018 में राज्य | - | गहरी घाटी |

**कक्षा 5**

## 17. छोटी-सी हमारी नदी

---

**सीखने की संप्राप्ति: H501, H502, H510, H511, H514, H515**

प्रश्न 1. निम्नलिखित  पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

छोटी-सी हमारी नदी टेढ़ी-मेढ़ी धार,
गर्मियों में घुटने भर भिगो कर जाते पार।
पार जाते ढोर-डंगर, बैलगाड़ी चालू,
ऊँचे हैं किनारे इसके, पाट इसका ढालू।

i) नदी का आकार कैसा है?

क) छोटा  ख) बड़ा  ग) मध्यम  घ) इनमें से कोई नहीं

ii) गर्मियों में नदी के पानी का स्तर कितना होता है?

क) टखनों तक  ख) घुटनों तक  ग) कमर तक  घ) सिर तक

iii) पद्यांश में पशुओं का समानार्थी शब्द बताइए-

क) धार  ख) टेढ़ी-मेढ़ी  ग) ढालू  घ) ढोर-डंगर

iv) ऊँचे का विलोम शब्द कौन-सा है?

क) ऊँचा  ख) आगे  ग) नीचे  घ) पीछे

प्रश्न 2. हिन्दी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित कीजिए-

नदी, हमारी, पार, बालू, टोला

प्रश्न 3. उक्त चित्र देखकर कुछ वाक्य लिखिए-



..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

प्रश्न 4. मिलती-जुलती आवाज़ वाले शब्दों का मिलान कीजिए-

| | |
|---|---|
| धार | टोला |
| चालू | घाम |
| नाम | पार |
| वन | ढालू |
| रोला | सघन |

प्रश्न 5. सही शब्द चुनकर पंक्तियाँ पूरी करें-

| कोलाहल, उत्सव, जल, वन-वन |
|---|

वेग और कल-कल के मारे उठता है .....................

गंदले ..................... में घिरनी-भँवरी भँवराती है चंचल

दोनों पारों के ..................... में मच जाता है रोला,

वर्षा के ..................... में सारा जग उठता है टोला।

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द छाँटिए-

i) सामने के कमरे बड़े बड़े और खूबसूरत हैं।
ii) नदी छोटी सी है।
iii) वर्षा हो रही है।

प्रश्न 7. विराम चिन्ह लगाइए-

उसने मधुर स्वर में कहा मैं एक एक शब्द पर विश्वास करती हूँ

**कक्षा 5**

**18. चुनौती हिमालय की**

**सीखने की संप्राप्ति: H501-03, H507, H508, H511, H515**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-

प्रश्न 1. तिब्बती पठार के दृश्य का वर्णन करें।

प्रश्न 2. मातायन से अमरनाथ की गुफा कितनी दूर है?

प्रश्न 3. शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें-

कुली - ..............................................................................................


स्पर्श - ..............................................................................................

सुकून - ..............................................................................................

एकमात्र - ..............................................................................................

पास - ..............................................................................................

प्रश्न 4. उत्तर भारत के तीन पहाड़ी राज्यों के नाम भरें-



प्रश्न 5. क्रिया शब्दों पर गोला लगाएँ-

i) किशन बीच में बोल पड़ा।
ii) वे खाई में गिर पड़े।
iii) “हम खींच रहे हैं, रस्सी कस के पकड़े रहना”
iv) निराश होकर जवाहरलाल को अमरनाथ तक का सफ़र अधूरा छोड़कर वापस लौटना पड़ा।

प्रश्न 6. अपने जीवन में आई किसी भी चुनौती के बारे में लिखें।

प्रश्न 7 . पाठ ‘चुनौती हिमालय की’ के आधार पर बताओ कि पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करना आसान क्यों नहीं है?

# उपलब्धि पत्रक
**(सुझावात्मक)**

| संकुल (क्लस्टर) क्रमांक | | | विद्यालय नाम | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र नाम | | | अनुक्रमांक | | | | | | कक्षा | | | | | | | | | | | |
| सीखने की संप्राप्ति विवरण | अप्रैल | | मई | | जुलाई | | अगस्त | | सितम्बर | | अक्टूबर | | नवम्बर | | दिसम्बर | | जनवरी | | फरवरी | |
| छात्र उपस्थिति ⇨ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| परिमापक ⇩ | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड |
| कविता/कहानी वाचन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| चर्चा (जैसे वार्तालाप चित्र चित्रण) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| वर्णमाला | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| मात्राएँ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| पुस्तक पठन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| व्याकरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| रचनात्मक अभिव्यक्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

नोट ग्रेड रिपोर्ट कार्ड के अनुसार :